आईआईटी कानपुर का फ्रेंड ऐप फोर्ब्स-30 सूची में

कानपुर, वरिष्ठ संवाददाता। आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप फ्रेंड ऐप को एक बार फिर फोर्ब्स-30 अंडर 30 की एशिया सूची में स्थान मिला है। 2022 की लिस्ट में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के इस एप के फाउंडर भानु प्रताप सिंह, हार्दिक बंसल और हर्षवर्धन को शामिल किया गया है। पूर्व छात्र भानु, हार्दिक व हर्षवर्धन ने 2019 में स्टार्टअप विकसित किया, जो लोगों को जानकारी के साथ मनोरंजन भी उपलब्ध कराएगा। फ्रेंड ऐप को बड़ी आसानी के साथ प्ले स्टोर से डाउनलोड कर मोबाइल पर चला सकते हैं। ऐप में ऑडियो-वीडियो के साथ सोशल डिस्कवरी को प्रमुखता दी गई है। कोविड काल में यह स्टार्टअप तेजी से बढ़ा और पूरे देश में छा गया।

10 भारतीय भाषा में 5 मिलियन से अधिक हैं यूजर्स : फाउंडर्स के मुताबिक फ्रेंड ऐप दस भारतीय भाषाओं में काम करता है। इस पर सिर्फ इंडिया ही नहीं, बल्कि साउथ एशिया के यूजर्स भी जुड़े हैं। अब तक पांच मिलियन से अधिक यूजर्स इसका नियमित उपयोग कर रहे हैं। फ्रेंड ऐप को एक डेटिंग ऐप की तरह भारत और कुछ साउथ एशिया के देशों में शुरुआत मिली। आंकड़ों के मुताबिक, एक यूजर्स रोजाना 25 मिनट समय इस ऐप पर व्यतीत करता है।